वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 1987-88

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

New Delhi,
May 3, 1988.

Dear Shri Sathe,

It has given me great pleasure to receive a letter from the first Indian Post Master functioning in our Post Office at Dakshin Gangotri, Antarctica.

Please convey to him thr... the new channel established with that post offi... felicitations ... wishes. ... neering ... expe... e of t... nisior ... aying

कार्य प्रगति Activities-1988-89

भारतीय डाक विभाग Department of Pos

विषय सूची

पुनरीक्षा	1
डाक प्रचालन में सुधार	3
मानव संसाधन	10
डाक वित	15
कार्य प्रगति	21
1985 से अब तक	22

Contents

Overview	23
Improving Postal Operations	25
Human Resources	32
Postal Finances	38
Activities	44
Since 1985	45
Statistical Supplements	47

E R R A T A

Page No.	Para	Line	Col.	For	Read
25	Expansion of Postal Postal Network	20	1	Whichare to opened	Which are to be opened
		6	2	is not less than 1500 in hilly, back-ward & tribal areas	is not less than 1500 in hilly, backward & tribal areas and 3000 in normal rural areas
33	Staff strength (Graph relating to Gazetted/- Non-Gazetted and Extra-Departmental staff)			Colour Code Red - Non Gazetted Green - Extra Depart-mental	Colour Code Red - Extra Departmental Green - Non Gazetted
44	Activites	27	2	5 years	5½ years

पुनरीक्षा

पिछले दशक में विश्व भर में संचार प्रौद्योगिकी में बड़े परिवर्तन हुए हैं। मंत्रालय का दूरसंचार विभाग जहां इन नाटकीय परिवर्तनों को आत्मसात् करने की कोशिश कर रहा है, वहां डाक विभाग द्वारा प्रदान की गई पारंपरिक डाक सेवाएं इस देश के जन समुदाय के लिए प्रासंगिक रहीं। व्यावसायिक घरानों, कानूनी मामलों और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए डाक-संचार की प्रासंगिकता और महत्व को उच्च औद्योगिक संस्थाओं ने भी पूरी तरह स्वीकार किया है। ऐसी संभावना है कि आने वाले अनेक दशकों तक डाकघर इस देश के अभिव्यक्तिशील माध्यमों का मुख्य आधार बने रहेंगे। भारत का छियानवे प्रतिशत क्षेत्र ग्रामीण है और हमारी 77 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हम सब के लिए डाक सेवा संदेश भेजने का मुख्य जरिया है और आने वाले समय में भी रहेगा। शहरों में काम करने वाले, व्यापार, और वाणिज्य से जुड़े इसके उपभोक्ता डाक सेवा को अपना मानव मित्र मानते हैं।

संसाधनों की सीमितता के बावजूद, डाक विभाग ने उस जनसाधारण को सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखा है जिसे डाकघर जाने के लिए पहले मीलों चलना पड़ता था। डाकघर खोलने के मानदंडों को उदार बनाया गया है और ग्राम पंचायत, जो विकेन्द्रीकृत प्रशासन की आधारभूत इकाई है, डाक सुविधाएं प्रदान करने का केन्द्र बिन्दु बन गई हैं। उन ग्राम पंचायत वाले ग्रामों में जहां तत्काल डाकघर नहीं खोला जा सकता, डाक सुविधाएं प्रदान करने के लिए 'पंचायत डाक सेवक', नामक एक नवीन प्रणाली शुरू की गई है। पंचायत डाक सेवक, ग्राम पंचायतों के कर्मचारी होते हैं लेकिन डाक संबंधी कार्य करने के लिए इन्हें डाक विभाग द्वारा पारिश्रमिक दिया जाता है।

डाक सेवाएं प्रदान करना डाक विभाग का एकाधिकार है और फलस्वरूप पत्र चाहे एक ही शहर के भीतर भेजने हों या एक शहर से दूसरे शहर को भेजने हों या फिर विदेश भेजने हों, समान दर पर डाक सुविधाएं प्रदान करना इसका दायित्व बन जाता है। अनेक प्राइवेट कुरिअरों ने ऊंची दर पर चुने हुए उपभोक्ताओं को शहर के भीतर या एक शहर से दूसरे शहर के लिए प्रीमियम स्पीडी सर्विस प्रदान कर आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद कारोबारी क्षेत्र को आकर्षित करने की कोशिश की है तथा डाक सेवा को अपेक्षाकृत अधिक खर्चीली लंबी दूरी की डाक लाने-ले जाने और वितरण सेवाओं का संचालन करने के लिए छोड़ दिया है। डाक विभाग ने इस चुनौती का जोरदार उत्तर दिया और 'स्पीड पोस्ट' नामक एक प्रीमियम सेवा शुरू की। इस सेवा के अंतर्गत डाक-मद का 24 घंटों के अन्दर वितरण को जाता है। देश में 50 शहरों के लिए यह सेवा उपलब्ध है। इस सेवा का मनीआर्डर भेजने के लिए भी प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे प्रयास भी किए गए कि डाक प्रबंधक मुख्य उपभोक्ताओं के अधिक निकट रहकर काम करें ताकि आज की डाक सेवा उनकी आवश्यकताओं को समझने और उनका पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हो। डाक सेवा भी एफ. ए. एक्स., उपग्रह संचार प्रणाली द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सुविधाओं को अपनाने और डाक का मशीनें द्वारा निपटान करने के लिए स्वयं को इसके अनुकूल बना रही है। इन तरीकों से सेवाओं में तेजी ही नहीं बल्कि लागत भी कम आएगी और विभाग को जन-साधारण के लाभ के लिए अपनी डाक-मदों और सेवाओं के मूल्य को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी।

विभाग के वित्तीय स्रोत चिन्ता का विषय रहे हैं। यद्यपि सरकार ने डाक सेवा को वित्तीय दृष्टि से फायदे-मंद या संसाधन जुटाने वाली संस्था कभी नहीं माना है। इस सेवा से आशा यह की जाती है कि यह आत्म-निर्भर बने या अपने घाटे को एक स्वीकार्य सीमा के भीतर बनाए रखे। मूल्यवृद्धि के इस युग में, विशेषकर डाक सेवा जैसे अत्यधिक श्रम साध्य संगठन में कार्मिक लागत तथा डाक सामग्री और सेवाओं के मूल्य को उनकी वास्तविक लागत से कम रखने की सुविचारित नीति को देखते हुए यह एक अत्यंत कठिन कार्य है। फिर भी, डाक सेवा ने 1986-87 में हुए 2160 मिलियन रूपये के घाटे को कम कर 1987—88 में 1900 मिलियन रूपये करने में सफलता पाई है। सरकार, योजना आयोग और वित्त आयोग ने सातवीं और आठवीं योजनाओं के लिए संसाधन जुटाने की दृष्टि से राजस्व घाटे को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसलिए, डाक विभाग डाक-कार्य में हुई वृद्धि को काफी हद तक बढ़ी हुई उत्पादकता के माध्यम से पूरा करके निरन्तर लागत ही नहीं घटाता रहेगा वरन् डाक सेवाओं के उपभोक्ताओं पर अतिशय भार डाले बिना धीरे-धीरे मूल्य और लागत के बीच अन्तर को भी क्रमबद्ध रूप से कम करेगा।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मात्र प्रौद्योगिकी और वित्तीय साधनों की सुलभता ही डाक संचालन का कार्य नहीं कर सकती। इसके लिए डाक सेवा को अपने लगभग 600 हजार कर्मचारियों के प्रयासों पर निर्भर करना होगा। इस विभाग के पुरूष और महिला कर्मचारी लोक सेवा की अपनी दीर्घ परंपरा के प्रति कटिबद्ध रहे हैं, किन्तु वे यह मानते हैं कि डाक सेवा को जिस प्रतियोगी वातावरण का सामना करना पड़ रहा है, उसके लिए आवश्यक यह है कि वह अपने उपभोक्ताओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए नए-नए परिवर्तन लाए और कड़ी मेहनत करे। निरन्तर विचार-विमर्श तथा विचारों के आदान-प्रदान द्वारा और सामूहिक सौदेबाजी में रूखापन दूर करके डाक सेवा, उपभोक्ता केंद्रित सेवा का सूत्रपात करने, नई प्रौद्योगिकी की शुरूआत करने और लागत पर नियंत्रण रखने की अपनी बढ़ती हुई वचनबद्धता के प्रति डाक उपभोक्ताओं का समर्थन प्राप्त करने में सफल होगी।

अपनी सभी बाधाओं के बावजूद डाक सेवा ने इस देश की एक अत्यंत आधारभूत लोक सेवा, कुशलता और ईमानदारी से प्रदान करने की निरंतर कोशिश की है। परिवर्तन और नवीन पद्धतियों के माध्यम से लोक सेवा की यह मूल परंपरा समृद्ध होती रहेगी।

डाक प्रचालन में सुधार

लक्ष्य

डाक विभाग का इस वर्ष यह प्रयास रहा है कि सेवा की गुणवत्ता में सुधार व इसका विस्तार किया जाए तथा उपभोक्ता को अधिक से अधिक संतुष्टि प्रदान की जाए। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पूरी प्रचालन व्यवस्था को साधनयुक्त बनाया जा रहा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मौजूदा नेटवर्क को ग्रेस बनाया गया और उपभोक्ताओं को पूरी तरह संतुष्ट करने तथा सेवा को ग्रहय बनाने के लिए अनेक नए उपाय किए गए।

डाक नेटवर्क का विस्तार

31.3.1988 को डाक नेटवर्क के अंतर्गत 1,44,829 डाकघर थे जिनमें 1,28,829 ग्रामीण क्षेत्रों में और 16,000 शहरी क्षेत्रों में थे। प्रत्येक डाकघर औसतन 22.69 वर्ग कि. मी. क्षेत्र तथा 4731 लोगों को सेवा प्रदान करता है। विकास के इस स्तर को देखते हुए, देश, विश्व डाक संघ (यू. पी. यू.) द्वारा अपनाए

डाकघरों की संख्या



गए मानदंड पूरे करता है जिनमें यह व्यवस्था है कि औसतन 20 से 40 वर्ग कि. मी. क्षेत्र के लिए अथवा 3000 से 6000 तक की जनसंख्या के लिए एक डाकघर होना चाहिए। देश में कुल 4,81,757 लेटर बॉक्स थे जिनमें से 4,01,156 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 80,601 शहरी क्षेत्रों में थे।

देश की सातवीं योजना के दौरान, ग्रामीण क्षेत्रों में 6,000 नए डाकघर खोलने का विचार है। इनमें से अधिकांश डाकघर 1988-89 और 1989-90 में खोले जाने हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा डाकघर खोलने के मानदंडों को 19.12.87 से उदार बनाया है। संशोधित मानदंड इस प्रकार हैं:

- ऐसा ग्राम समूह जिनकी एक ग्राम पंचायत या ग्राम परिषद हो एक डाकघर का पात्र होगा बशर्ते कि (क) उस ग्राम समूह की कुल जनसंख्या सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 और पर्वतीय, पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में 1,500 से कम न हो और (ख) उस ग्राम समूह के अंतर्गत कोई डाकघर न हो।
- सामान्यत: मौजूदा डाकघर से 3 कि. मी. की दूरी के भीतर कोई नया डाकघर नहीं खोला जाएगा। तथापि, पर्वतीय क्षेत्रों के लिए इस प्रतिबंध से छूट होगी।
- सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रस्तावित डाकघर का प्रत्याशित राजस्व उसकी लागत का 33.33 प्रतिशत से कम और पर्वतीय, जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्रों में 15 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं की उपलब्धता विकेन्द्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था के अनुरूप डालने के उद्देश्य से संचार मंत्री ने 24.2.88 को संसद में घोषणा की कि —

> माननीय, सदस्यों और आम जनता की जोरदार मांग को ध्यान में रखते हुए अगले दो वर्षों में क्षेत्र 74,000 पंचायत वाले ग्रामों में से प्रत्येक में डाक सुविधाओं के लिए सरकार एक व्यापक कार्यक्रम चलाना चाहती है।

इस नीति के अनुपालन के लिए डाक विभाग ने 'पंचायत डाक सेवक योजना' नामक एक योजना प्रारंभ की है।

डाक

डाक परियात में निरन्तर तेजी से वृद्धि होती जा रही है। वर्ष के दौरान विभाग ने लगभग 500 करोड़ डाक वस्तुओं का निपटान किया।





1979-80 से डाक परियात

मदवार डाक परियात

वितरण प्रणाली की उत्कृष्टता पर नज़र रखने के लिए राष्ट्रीय आधार पर व्यावहारिक रूप में डाक वितरण को परखने की प्रक्रिया शुरू की गई । 23 प्रतिशत डाक का वितरण उसके डाक में डालने के दूसरे दिन हो जाता है (डी + 1), 25 प्रतिशत का डाक में डालने के तीसरे दिन (डी + 2), 29 प्रतिशत का डाक में डालने के चौथे दिन (डी + 3), और शेष 23 प्रतिशत का डाक में डालने के पांचवे दिन (डी + 4) वितरण हो जाता है । इन प्रतिशतों से वितरण के लिए कुल डाक की स्थिति सामने आ जाती है न कि मात्र उन डाक मदों की जिन्हें डी + 1 या डी + 2

आदि में वितरित किया जा सकता है ।

अब विभाग अपने परंपरागत प्रचालनों के कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है । जहां पत्र डाक को लाने ले जाने पर विभाग का एकाधिकार है वहां दस्तावेजों और पार्सलों के लाने-ले जाने में प्राइवेट कूरियर भी आगे आ गए हैं । लम्बे समय से प्रचलित अपनी परंपराओं और डाक के पारेषण तथा वितरण के क्षेत्र में अनुभव का प्रयोग करते हुए विभाग ने 1986 में 'स्पीड पोस्ट' नामक एक गारंटीशुदा वितरण सेवा प्रारंभ की है जो सस्ती और प्राइवेट कूरियर सेवाओं का अधिक विश्वसनीय विकल्प है । आलोच्य वर्ष के दौरान, स्पीड पोस्ट सेवा में 23 और केन्द्र शामिल किए गए जिससे देश में इन केन्द्रों की संख्या 37 हो गई है । इस सेवा में मनीआर्डर भी शामिल किए गए हैं जो मामूली अतिरिक्त खर्च से एक स्थान से दूसरे स्थान को भेजे जा सकते हैं । स्पीड पोस्ट सेवा के परियात विश्लेषण से पता चलता है कि इसे उपभोक्ताओं ने स्वीकार किया है और इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है । इस प्रकार अप्रैल, 1987 में 14 स्पीड पोस्ट सेवा केंद्रों से 68,264 वस्तुओं के परियात से यह सेवा प्रारंभ करके अब यह परियात मार्च, 1988 में 37 केन्द्रों और 7 पिस्तार काउन्टरों से 1,30,662 वस्तुओं तक पहुंच गया था, जिसका अर्थ यह है कि इसमें लगभग सौ प्रतिशत वृद्धि हुई है । अलग-अलग केन्द्रों के परियात आंकड़ों से भी पता चला है कि स्पीड पोस्ट सेवा की ग्राहयता और उसके प्रयोग में अधिक वृद्धि हुई है ।

अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस स्पीड पोस्ट सेवा को 20 देशों के साथ जोड़ा गया ।



डाक परिसर

डाक प्रचालन में सुधार के लिए जिन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना है उनमें एक क्षेत्र है डाकघरों के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किये गए विस्तृत भवन उपलब्ध कराना । इस प्रयोजन के लिए 1987-88 के दौरान, 30 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई थी । 109 डाकघर और डाक कार्यालय भवनों का निर्माण प्रारंभ किया गया तथा 68 डाकघर भवनों का निर्माण-कार्य पूरा हो गया है । अन्य 264 डाकघर और डाक कार्यालय भवन निर्माण के विभिन्न चरणों में थे । इस अवधि के दौरान, 283 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण-कार्य प्रारंभ किया गया था एवं 952 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण-कार्य पूरा किया गया था तथा 950 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण कार्य चल रहा था । पुनरीक्षाधीन वर्ष के अन्त में, 25,866 विभागीय डाकघरों में से 3179 या कुल डाकघरों के 12.29 प्रतिशत डाकघर विभागीय भवनों में काम कर रहे थे ।

तकनीकी विकास

विभाग उपभोक्ता सेवाओं में सुधार और समुचित क्षेत्रों में तकनालॉजी का उपयोग करके उत्पादकता बढ़ाने की संभावना के प्रति सजग है । तकनालॉजी के प्रयोग के लिए जिन दो विस्तृत क्षेत्रों को चुना गया है वे हैं —आंतरिक कार्य संचालन और जनता तथा कार्यालयों के बीच का क्षेत्र । कार्यालयों में आंतरिक कार्य संचालन के लिए इसके साथ ही साथ बेंगलूर, मद्रास और दिल्ली में कंप्यूटरीकरण भी प्रारंभ कर दिया

गया है । बेंगलूर में स्थापित कंप्यूटर डाक जीवन बीमा का कार्य करता है और मद्रास वाले से मनीआर्डर पेयरिंग का कार्य लिया जा रहा है । दिल्ली में कंप्यूटरों का प्रयोग मनीआर्डर पेयरिंग, अंतर्राष्ट्रीय डाक लेखे और बचत बैंक कार्य के लिए किया जा रहा है । इन मुख्य परियोजनाओं के अनुभव के आधार पर विभाग के आंतरिक कार्य को गतिशील बनाने के लिए आधुनिक तकनालॉजी के अधिक उपयोग हेतु योजनाएं बनाई जा रही हैं ।

तेजी से डाक-टिकट विरूपित करने वाली मशीनों को देश में ही तैयार किया गया है और इस वर्ष ऐसी 40 मशीनें व्यस्त डाकघरों को सप्लाई की गई हैं । तेजी से काम करने वाली इन मशीनों से हाथ से काम लेने का नित्यश्रम ही दूर नहीं हुआ बल्कि हाथ से लगाई जाने वाली मौजूदा मुहरें भी हट गई हैं । ये मुहरें शीघ्र घिस जाती हैं और इनकी छाप भी धब्बेदार और अस्पष्ट होती है । चूंकि हाथ की मुहरों का प्रयोग छोटे डाकघरों में जारी रहेगा अत: केन्द्रीय कार्यशाला पोस्टल मशीन नई दिल्ली द्वारा प्रायोगिक आधार पर हाथ की मुहरों में सुधार करने के तरीके विकसित किए गए और सुधरी हुई बीस मुहरों और सीलों को दिल्ली में आजमाकर देखा जा रहा है । प्रयोग के सफल सिद्ध होने पर इन मुहरों का निर्माण नई दिल्ली और अलीगढ़ में प्रारंभ कर दिया जाएगा । मुहरों में प्रयोग किए जाने वाली स्टील के स्थान पर पॉलीमर का उपयोग संभवत्या अधिक सस्ता, टिकाऊ और अच्छे छाप देने वाला सिद्ध होगा । स्टील के स्थान पर पॉलीमर वाली हाथ की 136 मुहरें फ्रांस से आयात की गई थीं और उनका चुनिंदे डाकघरों में परीक्षण किया जा रहा है । उनका निर्माण देश में ही करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं ।

500 करोड़ वस्तुओं के कुल परिवात का 18 से 20 प्रतिशत चार महानगरीय शहरों में आत-जात है । महानगरीय डाक को हाथ से निपटाना बराबर कठिन होता जा रहा है । महानगरीय शहरों में स्वचालित डाक प्रक्रिया के प्रारंभ करने के पहले चरण में बम्बई को चुना गया है । बम्बई के लिए परियोजना को मंजूरी दे दी गई है और इस परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए शीघ्र ही विश्व भर से निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी ।

कार्यालय और जनता के मध्य चलने क्षेत्र में विभाग ने एक माइक्रो प्रोसेसर आधृत मशीन प्रारंभ करने में सफलता प्राप्त कर ली है जो एक ही काउन्टर से पार्सल, मनीआर्डर, पंजीकृत पत्र, मूल्यदेय वस्तुओं के साथ-साथ स्पीड पोस्ट वस्तुओं की बुकिंग भी कर सकती है । प्रारंभिक परीक्षणों के बाद ऐसी मशीनों का शीघ्र ही डाकघरों में व्यापक प्रयोग किए जाने की संभावना है । वस्तुओं का भार और भार के हिसाब से उचित डाक प्रभार दर्शाने वाली डिजीटल भार मापक मशीनें भी विकसित की गई हैं । इन साधनों से डाक काउन्टरों पर उपभोक्ता सेवाओं में पर्याप्त सुधार होगा ।

कार्यालय और जनता के मध्य चलने क्षेत्र में विभाग ने एक माइक्रो प्रोसेसर आधृत मशीन प्रारंभ करने में सफलता प्राप्त कर ली है जो एक ही काउन्टर से पार्सल, मनीआर्डर, पंजीकृत पत्र, मूल्य देय वस्तुओं के साथ-साथ स्पीड पोस्ट वस्तुओं की बुकिंग भी कर सकती है । प्रारंभिक परीक्षणों के बाद ऐसी मशीनों का शीघ्र ही डाकघरों में व्यापक प्रयोग किए जाने की संभावना है । वस्तुओं का भार और भार के हिसाब से उचित डाक प्रभार दर्शाने वाली डिजिटल भार मापक मशीनें भी विकसित की गई हैं । इन साधनों से डाक काउन्टरों पर उपभोक्ता सेवाओं में पर्याप्त सुधार होगा ।

बचत बैंक

जनता ने डाकघर बचत बैंक में अपनी आस्था बरकरार रखी है । यह देश में सबसे बड़ा बचत बैंक है जिसका प्रचालन 1,44,084 डाकघरों के विस्तृत नेटवर्क के जरिए हो रहा है । जमाकर्त्ताओं को बेहतर सेवाएं सुलभ कराने और प्रचालन में मितव्ययिता लाने के उद्देश्य से वर्ष 1987-88 में विभिन्न उपाय किए गए जो इस प्रकार हैं:

— अब संचयी सावधि जमा खाते समयपूर्व बन्द करने की अनुमति दे दी जाती है और इसमें अधिकतम राशि की बात बीच में नहीं आती ।

— बचत बैंक खाते में की जा सकने वाली जमा की अधिकतम सीमा एकल खाते में 25,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए तथा संयुक्त खाते में 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए कर दी गई है ।

— निम्न चयन ग्रेड तथा उससे उच्च ग्रेड के डाकघरों को व्यक्तिगत बचत खाते बन्द करने के लिए प्राधिकृत कर दिया गया है । इससे जनता को बेहतर सुविधाएं सुलभ होंगी तथा व्यक्तिगत खातों को बन्द करने में समय भी कम लगेगा ।

आयकर दाताओं के लाभ के लिए 1.4.87 से एक राष्ट्रीय बचत योजना चालू की गई है । इस योजना के अंतर्गत किसी एक खाते में जमा की गई सम्पूर्ण राशि जो 1987-88 वर्ष में 30,000 रुपये से अधिक न हो, आयकर से मुक्त है ।

15.8.87 से डाकघर मासिक आय खाता योजना नामक एक नई योजना चालू की गई है । यह योजना सेवानिवृत्त हो रहे व्यक्तियों, पेंशनरों, और अन्य व्यक्तियों जो नियमित मासिक आय चाहते हों, उनके लिए एक आकर्षक योजना है । यह योजना केवल वैयक्तिक आधार पर लागू होगी । इस योजना में न्यूनतम जमा 5000/- रु. या इसके गुणकों में होगी । एकल खाते में अधिकतम 2 लाख रुपये और संयुक्त खाते में अधिकतम 4 लाख रुपये जमा किए जा सकते है । इसकी परिपक्वता अवधि छ: वर्ष है तथा 12 प्रतिशत की दर से मासिक रूप से ब्याज दिया जाता है ।

200/- रु. के इंदिरा विकास पत्र का एक नया मूल्य-

वर्ग भी चालू किया गया है।

प्रधान डाकघरों को स्थानीय शोधन-गृहों (लोकल क्लियरिंग हाऊस) के पूर्ण सदस्य के बतौर नामांकित करने का कार्य 1987-88 में भी जारी रहा। 202 प्रधान डाकघर स्थानीय शोधन गृहों के पूर्ण सदस्य बन गए हैं।

सभी किस्मों के बचत-खातों की संख्या



सभी प्रकार की बचतों में बकाया इतिशेष



डाक जीवन बीमा

बचत बैंक के समान ही, डाक जीवन बीमा में भी पालिसियों की संख्या के साथ प्रति पालिसी प्रीमियम में भी लगातार वृद्धि हुई है।







फिलैटली

फिलैटली के क्षेत्र में, नई दिल्ली में 20-29 जनवरी, 1989 तक भारत-89 विश्व फिलैटली प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए तैयारियां प्रारंभ की गई। प्रदर्शनी के स्मरणोत्सव पर जून, 1987 में दो विशेष डाक टिकट जारी किये गये जिनमें प्रदर्शनी के प्रतीक चिह्न और प्रदर्शनी स्थल को चित्रित किया गया था। अक्तूबर, 1987 में चार और डाक-टिकट भी जारी किये गये थे। प्रदर्शनी के स्मरणोत्सव पर दो मिनिएचर शीट भी निकाली गई थीं। इन छः डाक टिकटों सहित, वर्ष के दौरान 62 स्मारक/विशेष डाक-

टिकट जारी किये गये । फिलैटली को बढ़ावा देने और इसके संवर्धन के उद्देश्य से उड़ीसा, तमिलनाडु और राजस्थान में तीन राज्य स्तर प्रदर्शनियां आयोजित की गई । विभाग ने 'कैपक्स' (कनाडियन फिलैटली प्रदर्शनी), 'हैफिनिया' (द डैनिश फिलैटली प्रदर्शनी) और 'थाईपैक्स' (थाईलैंड फिलैटली प्रदर्शनी) नामक तीन अन्तर्राष्ट्रीय फिलैटली प्रदर्शनियों में भी भाग लिया । देश में 45 फिलैटली ब्यूरो और 142 फिलैटली काउंटरों के माध्यम से काफी संख्या में विशेष विरूपणों के साथ-साथ विशेष आवरण भी जारी किये गये ।

जन शिकायतें

परियात में विलम्ब के संबंध में शिकायतों की संख्या 1986–87 में 7,76,210 से घटकर 1987–88 में 7,11,925 हो गई । कुल परियात की तुलना में निपटाई गई शिकायतों की संख्या 0.00525 प्रतिशत रही । यद्यपि प्रतिशतता की दृष्टि से शिकायतों की संख्या नगण्य है और विभाग के लिए यह सन्तोष की बात है, परन्तु यह मानकर कि किसी भी शिकायत से समूची सेवा की प्रतिष्ठा कम होती है, प्रत्येक शिकायत को दूर करने के लिए सचेतन प्रयास किए जाते हैं तथा यह प्रयास किया जाता है कि उसमें आने वाले अवरोधों को दूर किया जाए । विभाग लगातार होने वाली शिकायतों की मानीटरिंग के लिए जन शिकायत एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के साथ मिलकर कार्य करता रहा है ।

डाक प्रक्रियाओं का सुधार

प्रचालन प्रक्रियाओं को पुनर्गठित करने के लिए भी प्रयत्न किये गये । मौजूदा प्रक्रियाओं में स्पष्टता लाने और राजस्व की हानि से बचने की दृष्टि से, वस्तुओं की कुछ श्रेणियों जैसे, वाणिज्यिक वस्तुओं जिनमें हस्तलिखित, मोहर लगी, टाइप की हुई, ब्राडमा मुद्रित या कम्प्यूटर मुद्रित प्रविष्टियों को 'बुक पोस्ट' परिभाषा में से निकाल दिया गया है ।

प्रारंभ से ही, डाकघरों में प्राप्त अदत्त तथा कम प्रभार अदा की गई वस्तुओं को इसकी नकदी शेष के एक भाग के रूप में माना जाता था क्योंकि विगत में ऐसे परियात की मात्रा बहुत अधिक थी । बहुत ही कम अदत्त डाक प्रभार की राशि को एक डाकघर के भारी नकदी शेष में शामिल करने की पद्धति की उपयोगिता समाप्त हो गई है । इस पद्धति को अब बदल दिया गया है तथा वास्तव में एकत्रित राजस्व को ही प्राप्तियों के बतौर गिना जाता है, जिससे विभिन्न स्तरों पर लेखा रिकार्डों को रखना सरल हो गया है ।

मानव संसाधन

कर्मचारियों की नियुक्ति

समूचे देश के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे इस व्यापक नेटवर्क के होते हुए विभाग को अपने स्टाफ की दक्षता, परिश्रम और ईमानदारी पर भरोसा करना पड़ता है । विभाग रोज़गार प्रदान करने वाले बड़े सरकारी विभागों में से एक है जिसमें केन्द्रीय सरकार के लगभग 8.93% (31.3.86 की स्थिति के अनुसार) कर्मचारी हैं । 31.3.88 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या 5,89,798 है जिनमें 291 हज़ार नियमित कर्मचारी तथा 298 हजार अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं ।

1978-79 से विभागीय कर्मचारियों की संख्या



कर्मचारियों की परिलब्धियां

इतनी बड़ी तादाद में कर्मचारियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग ने कल्याण के अनेक नए कदम उठाए हैं । चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप, विभाग के सभी कर्मचारियों के वेतन में सामान्य वृद्धि हुई थी ।

अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की परिलब्धियों में भी वृद्धि हुई है । महंगाई भत्ते के मामले में उन्हें नियमित विभागीय कर्मचारियों के बराबर ही भत्ता दिया जाता है तथा जब जब भी नियमित कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की स्वीकृति दी जाती है तो उन्हें भी इस भत्ते की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

31.3.1988 को कर्मचारियों की संख्या



	मूल भत्ते 1.1.1986		संशोधित मूल भत्ते	
	न्यूनतम	अधिकतम	न्यूनतम	अधिकतम
अतिरिक्त विभागीय उप पोस्टमास्टर	310	373	385	620
अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर	217	265	275	440
अन्य अतिरिक्त विभागीय एजेंट, अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट, अतिरिक्त विभागीय डाक वाहक (आदि)				
2 घंटे से कम के लिए	191	(नियत)	240	(नियत)
2 घंटे और अधिक के लिए	214	254	270	420

अतिरिक्त विभागीय एजेंटों को अदा किये जा रहे अन्य भत्तों को भी निम्नानुसार संशोधित कर दिया गया है:

भत्ते का नाम	मौजूदा दर	संशोधित दर
	रु.	रु.
अतिरिक्त विभागीय पोस्टमास्टरों को वितरण तथा सवारी भत्ता	15/-	50/-
साइकिल भत्ता	8/-	20/-
कार्यालय रख-रखाव भत्ता	10/-	25/-
अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टरों को नियम लेखन सामग्री प्रभार	1/-	3/-

प्रशिक्षण

स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाना विभाग का एक मुख्य कार्य रहा है। इस समय पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र कार्य कर रहे हैं, जो प्रचालन और पर्यवेक्षकीय कर्मचारियों को प्रारंभिक और सेवाकालीन प्रशिक्षण देते हैं। वर्ष के दौरान लगभग 7000 कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण दिया गया। विभाग के राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों, पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा भारतीय डाक सेवा और भारतीय डाक-तार वित्त एवम् लेखा सेवा के सीधे भर्ती किए गए अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विभिन्न कैडरों के 130 अधिकारियों ने पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला और प्रशासकीय विकास कार्यक्रम भी शामिल हैं।

प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा दूसरे देशों के अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा सार्क देशों के 11 अधिकारियों के लिए भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इथोपिया, सीरिया, लियोन, सूरीनाम, यूगांडा, यमन और लाइबेरिया के मध्यम वर्ग के अधिकारियों के लिए आधुनिक प्रबंध विषय पर डाक प्रशिक्षण केन्द्र मैसूर में एक पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण केन्द्र में सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और विभिन्न कैडरों की सामग्री की व्यापक समीक्षा की जाती है। उन्होंने सभी कैडरों के 10,000 डाक कर्मचारियों और 5,000 से अधिक उपभोक्ताओं के लिए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण भी किया है। इन सर्वेक्षणों से प्राप्त जानकारी को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को फिर से तैयार करने के लिए प्रयोग में लाया गया।

कर्मचारी संबंध

डाक विभाग ने तीन फेडरेशनों सहित 29 यूनियनों /एसोसिएशनों को डाक कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए मान्यता प्रदान की है। अप्रैल, 1987 से मार्च, 1988 तक की अवधि के दौरान तीन फेडरेशनों द्वारा 13 सूत्री मांगों के समर्थन में 14.7.1987 से 20.7.87 तक हड़ताल का संयुक्त नोटिस दिये जाने के कारण यूनियन तथा प्रशासन के बीच संबंधों में कुछ तनाव उत्पन्न हो गया था। दूसरी यूनियन जो पोस्टमैन तथा वर्ग 'घ' के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी नवंबर, 1987 में अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की मांगों से संबंधित एक हड़ताल का नोटिस दिया था। एक यूनियन ने अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की कुछ मांगों को पूरा कराने के लिए डाक भवन पर दो बार धरना दिया।

प्रशासन और यूनियन के बीच विभिन्न मुद्दों पर हुए मत-भेदों को आपसी विचार-विमर्श और बैठक के जरिए निपटा लिया गया, जिसके परिणामस्वरूप हड़ताल के दोनों नोटिस वापिस ले लिये गये और धरना भी समाप्त कर दिया गया। इस अवधि के दौरान घटने वाली सबसे महत्वपूर्ण घटना एक कार्यालय ज्ञापन के निपटान की थी जिस पर सचिव (डाक) ने 11.7.1987 को तीन फेडरेशन के साथ हस्ताक्षर किये गये जिसमें अनेक ऐसी मदें थीं जिनके लिए डाक विभाग के कर्मचारी आन्दोलन कर रहे थे। इसके निपटान के बाद विभाग में सभी स्थानों पर औद्योगिक सामंजस्य स्थापित कर दिया गया।

विभागीय परिषद (जे सी एम) की बैठक 7 और 8 सितम्बर, 1987 तथा 28 और 29 जनवरी, 1988 को हुई। सितम्बर, 1987 में आयोजित विभागीय परिषद की बैठक में 51 मदों पर और बाद में जनवरी, 1988 में आयोजित विभागीय परिषद की बैठक में 67 मदों पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त फेडरेशनों तथा गैर फेडरेशनों /यूनियनों /एसोसिएशनों के साथ बहुत सी आवधिक बैठकें भी की गई जिनमें कर्मचारियों की लंबित मांगों को निपटाया गया।

राष्ट्रीय डाक पुरस्कार

कर्मचारियों की सराहनीय सेवाओं को मान्यता देना और उन्हें सम्मानित करना एक महत्वपूर्ण प्रेरणादायक कदम है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 1984 से राष्ट्रीय डाक पुरस्कार देना प्रारंभ किया गया। इन पुरस्कारों को 'मेघदूत' पुरस्कार के नाम से जाना जाता है। पुरस्कार सर्किल स्तर पर भी दिये जाते हैं जिन्हें 'डाक सेवा' पुरस्कार के नाम से जाना जाता है।

निम्नलिखित श्रेणियों के उन कर्मचारियों को पुरस्कार दिए जाते हैं जिन्हें सर्किल अध्यक्षों की सिफारिशों के आधार पर चुना जाता है।

- सभी श्रेणियों के अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी
- वर्ग 'घ' कर्मचारी, पोस्टमैन या समकक्ष पद
- डाकघर, डाक कार्यालय आदि जैसे किसी कार्यालय के प्रधान की हैसियत से कार्य करने वाले ग्रुप 'ग' कर्मचारी।
- डाक और छंटाई सहायक
- सभी श्रेणियों के अवर या उच्च चयन ग्रेड के पर्यवेक्षण कर्मचारी, निरीक्षक और सहायक अधीक्षक।
- उपर्युक्त किसी भी श्रेणी से संबंधित महिला कर्मचारी।

डाक विभाग के निम्नलिखित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 1986-87 के 'मेघदूत' पुरस्कार तत्कालीन संचार मंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा 9 अक्तूबर, 1987 को सलेम (तमिलनाडु) में विश्व डाक दिवस के उपलक्ष पर दिये गये।

- श्री जोगा राम, अतिरिक्त विभागीय रनर (हिमाचल प्रदेश)
- श्री पी. गिरिराजन, पोस्टमैन, मद्रास
- श्री एन. दिवाकरन, कार्यालय सहायक एर्णाकुलम (केरल)
- श्री राम चन्द पंडा, अवर चयन ग्रेड, उप पोस्टमास्टर, कटक (उड़ीसा)

● श्री एम. वी. पेंडसे, अवर चयन ग्रेड, सुपर-वाइजर, विदेश डाक बंबई

● श्रीमती दर्शन देवी अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर, श्री गंगा नगर (राजस्थान)

चिकित्सा सुविधाएं

कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की देख-रेख के लिए डाक विभाग देश के 45 स्थानों पर 54 औषधालय चला रहा है जो घर जाकर मरीज को देखने, नैमित्तिक प्रयोगशाला जांच और दवाई की सप्लाई सहित बहिरंग चिकित्सा सुविधा प्रदान करते हैं। ये औषधालय दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को भी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं। औषधालय कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को समय से तथा पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं।

कल्याण

डाक विभाग जैसे संगठन के लिए, जिसमें कर्मचारियों की संख्या बहुत अधिक है, कर्मचारी कल्याण का अत्यंत महत्व है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संचार मंत्री की अध्यक्षता में एक 'डाक सेवा कर्मचारी कल्याण बोर्ड' का गठन किया गया है। इस बोर्ड का उद्देश्य विभाग में कर्मचारियों के लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाना और कल्याण कार्यक्रमों, खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का विकास करना है। वर्ष के दौरान बीमारी/मृत्यु, शैक्षिक छात्रवृत्ति, खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा मनोरंजन क्लबों आदि को आर्थिक सहायता के रूप में 66 लाख रुपये दिए गए।

कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की दरों तथा बीमारी के कारण लम्बी छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों को आर्थिक सहायता और छयरोग के मरीजों को दी जाने वाली अनुदान राशि में भी वृद्धि की गई। छात्रवृत्ति देने की पात्रता की सीमा में भी संशोधन किया गया। कर्मचारियों को विश्राम तथा मनोरंजन सुविधाएं प्रदान करने के लिए 16 शहरों में हॉली-डे होम स्थापित किये गये हैं।

वर्ष के दौरान 15 विभिन्न खेलों में मंडलीय, क्षेत्रीय, और अखिल भारतीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभागीय खिलाड़ियों ने वालीबाल, कुश्ती, शतरंज, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसी 11 खेल प्रतियोगिताओं की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया। बिहार सर्किल के एक शतरंज खिलाड़ी ने अक्तूबर, 1987 में लायड्स बैंक मास्टर शतरंज चैम्पियनशिप में भाग लिया। बेंगलुर में एक अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें डाक विभाग के कर्मचारियों के बच्चों तथा परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति

विभाग अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के आवेदकों की भर्ती के रियायती मानदंड अपनाने के प्रयोजन से विशेषतया विभागीय अर्हक परीक्षा में, मौजूदा सरकारी आदेशों को पूरी तरह कार्यान्वित कर रहा है।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को पर्याप्त प्रोत्साहन देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, विभाग ने यह निर्णय और लिया है कि यदि रियायती मानदंडों के अंतर्गत भी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदक अपेक्षित संख्या में अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं तो अनुत्तीर्ण आवेदकों के मामलों की उनकी सेवा के गोपनीय रिकार्ड तथा परीक्षा में किए गए प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा की जानी चाहिए। यह समीक्षा मुख्यतः उच्च दायित्व के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्तता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति द्वारा की जाती है।

जिन उम्मीदवारों को पदोन्नति के अयोग्य नहीं पाया जाता, उन्हें अर्हता स्तर तक लाने के लिए, जहां अपेक्षित होता है, अनुग्रह अंक दिए जाते हैं। इस प्रकार विभाग ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए, उन्हें बढ़ावा देने के प्रयोजन से, मौजूदा आदेशों की भावना को देखते हुए विशेष प्रयास किए हैं।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15-सूत्री कार्यक्रम को कार्यान्वित करने पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। विभाग की भर्ती यूनिटें तिमाही विवरण सीधे कल्याण विभाग के अल्पसंख्यक सैल को प्रस्तुत कर रही हैं, जिनमें प्रत्येक तिमाही के दौरान भर्ती किए गए विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों का प्रतिशत अंकित होता है। जो संबंधित अधिकारी इस काम पर नजर रख रहे हैं, उन्होंने विभाग के कार्य को संतोषजनक पाया है।

कार्य अध्ययन और अध्ययन पद्धति

विभाग में एक आंतरिक कार्य अध्ययन यूनिट है जो फील्ड यूनिटों में कर्मचारियों के निर्धारण संबंधी मानदंडों से जुड़े विश्लेषण-अध्ययन तथा कार्य को आंकने और अध्ययन पद्धति संबंधी कार्य करती है। वर्ष के दौरान, निम्नलिखित अध्ययन कार्य पूरे किए गए:

- प्रधान डाकघरों के सृजन से संबंधित मानदंडों का संशोधन।
- मुख्य (मेन) डाकघरों और अन्यथा निर्धारित डाकघरों (सेकिन्ड आफिस ऑव पोस्टिंग) में फ्रैंकिंग मशीनों पर कार्य करने वाले ग्रुप 'ग' कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों से संबंधित मानदण्डों का मूल्यांकन।
- डाकघरों में इन्दिरा विकास पत्रों की बिक्री से जुड़े ग्रुप 'ग' कर्मचारियों की मंजूरी से संबंधित

मानदंडों का मूल्यांकन ।

- केरल खान परिवार पेंशन योजना, 1971 के उपबंधों के अधीन पेंशन का भुगतान करने के काम से जुड़े ग्रुप 'ग' कर्मचारियों से संबंधित मानदंडों का मूल्यांकन ।
- विदेश डाकघर की प्रशासनिक शाखा के ग्रुप 'ग' कर्मचारियों से संबंधित मानदंडों का मूल्यांकन ।
- डाक परियात का नमूना सर्वेक्षण ।
- डाक निदेशालय के पी. एम. आर., पी. आर. पी., सतर्कता- III, यू. पी. ई. नकदी एवं लेखा / वेतन बिल अनुभाग और बचत बैंक अनुभागों का अध्ययन ।
- डाक निदेशालय के पीई- I और पीई- II अनुभागों की कार्य-पद्धति का अध्ययन ।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का प्रतिशत
(1987-88)



सरकारी काम-काज में हिन्दी का प्रयोग

विभाग के सरकारी काम-काज में हिन्दी का राजभाषा के रूप में उत्तरोत्तर प्रयोग किया जा रहा है । सरकारी काम-काज में हिन्दी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की गई है । राजभाषा अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के कार्यान्वयन की पुनरीक्षा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष के दौरान चार बैठकें हुईं । संचार मंत्रालय हिन्दी सलाहकार समिति, संचार मंत्री की अध्यक्षता में, विभाग में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए निरंतर मार्गदर्शन और सुझाव देती रही । हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत पैंतीस अधिकारियों को हिन्दी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया । डाक निदेशालय में कार्य कर रहे टाइपिस्टों और स्टेनोग्राफरों को हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी स्टेनोग्राफी में प्रशिक्षण देने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम शुरू किया गया है और इसके अनुसार कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है । नोटिंग और ड्राफ्टिंग हिन्दी में करने में कर्मचारियों की झिझक दूर करने के प्रयोजन से निदेशालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं । वर्ष के दौरान, ऐसे 54 कार्यालयों को राजपत्र में अधिसूचित किया गया जिनके 80 प्रतिशत या इससे अधिक कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान था । ग्यारह विभागीय नियम पुस्तक डिग्लॉट रूप में छापी गई और आठ छप रही हैं । पठनीय हिन्दी पुस्तकों की एक विस्तृत सूची तैयार की गई और सर्किलों को उन्हें अपने-अपने पुस्तकालयों के लिए खरीदने की सिफारिश की गई ।

निदेशालय में 7.12.87 से 11.12.87 तक और अधीनस्थ कार्यालयों में 14.9.87 से 18.9.87 तक हिन्दी सप्ताह मनाया गया । सप्ताह के दौरान अपना-अपना सरकारी काम-काज हिन्दी में करने के लिए कर्मचारियों को पुरस्कार दिए गए । 27.8.87 व 28.8.87 को एक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें हिन्दी को बढ़ावा देने और सरकारी काम-काज में उसका प्रयोग बढ़ाने से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श किया गया । संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति ने इस वर्ष के दौरान विभाग के अनेक अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया और साथ ही 23.12.87 को निदेशालय का भी निरीक्षण किया । समिति द्वारा बताई गई कमियों की जांच की गई और उन्हें दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

डाक वित्त

1960–61 से डाक सेवाएं, जो पहले सामान्य राजकोष पर भार डाले बिना राजस्व और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम थी, धीरे-धीरे घाटे की ओर बढ़ रही हैं । जबकि डाक सेवाओं की प्रचालन लागत निरंतर बढ़ती रही, विभिन्न डाक सेवाओं की दरें या तो वही बनी रहीं या उनमें केवल नाम-मात्र की वृद्धि की गई, किन्तु यह वृद्धि भी उन पर आने वाली आर्थिक लागत से काफी कम रखी गई थी । परिणामस्वरूप इन पर होने वाले घाटे को, सामान्य राजकोष पर भार डाले बिना, दूरसंचार सेवाओं द्वारा पूरा किया जाता था । 1.1.1985 से डाक और तार विभाग का विभाजन होने से, डाक सेवाओं को, विभाग के भीतर ही दूरसंचार सेवाओं की अतिरिक्त आय से मिलने वाली आर्थिक सहायता की संभावना समाप्त हो गई । डाक सेवाओं के प्रचालन में होने वाला घाटा अब सामान्य राजकोष पर एक भार बन गया है ।

एक अलग विभाग के रूप में कार्य करते हुए पिछले तीन वर्षों के दौरान विभाग को वर्ष 1985–86, 1986–87 और 1987–88 में क्रमशः 163.55 करोड़ रु., 216.43 करोड़ रु. और 190.87 करोड़ रु. के राजस्व का घाटा हुआ ।



1.1.1987 से अनेक डाक सेवाओं के मूल्यों में संशोधन करने के बावजूद, विभिन्न सेवाओं की लागत उनके द्वारा अर्जित किए जाने वाले राजस्व की तुलना में निरंतर बढ़ती रही । लगभग सभी सेवाओं के मामले में राजस्व उन पर आने वाली सीधी लागत से काफी कम था । सामान्य प्रशासन, लेखा, भंडारण और वितरण आदि की ऊपरी लागत को यदि सभी प्रकार की डाक सेवाओं में बांटा जाता, तब भी उनकी लागत उनके द्वारा अर्जित राजस्व की तुलना में अधिक होगी ।

सेवा का नाम	सीधी यूनिट लागत पैसों में	औसत राजस्व घाटा पैसों में	प्रति यूनिट पैसों में	लाभ कुल लागत करोड़ रु. में
पोस्टकार्ड	70.09	20.50	49.59	– 466.1
पत्र कार्ड	78.75	35.00	43.75	– 393.8
पत्र	92.66	100.00	+ 7.34	+ 94.7
रजिस्टर्ड				
समाचारपत्र				
एक	127.59	21.00	106.59	– 234.5
पुलिंदा (बंडल)	184.25	46.00	138.25	– 55.3
बुक पैकेट				
बुक पैटर्न और सेंपल पैकेट	137.57	81.00	56.57	– 124.5
मुद्रित पुस्तकें	193.59	81.00	112.59	– 56.3
अन्य पत्रिकाएं	220.69	100.00	120.69	– 70.00
रिकार्डिड डिलीवरी	311.32	207.00	104.32	– 07.1
पार्सल	957.43	903.00	54.43	– 32.7
रजिस्ट्रेशन	654.45	320.00	334.45	– 769.2
मूल्यदेय	831.41	260.00	571.41	– 45.7
बीमा	1424.98	770.00	654.98	– 59.7
पावतियां	63.63	74.00	+ 10.37	+ 18.1
मनीआर्डर	629.73	650.00	+ 20.27	+ 24.4
तार मनीआर्डर	830.00	285.00	545.00	– 14.7
इंडियन पोस्टल आर्डर	360.54	60.00	300.54	– 70.0
				– 2262.4
उपरि खर्चे				
प्रशासन				698.0
लेखा				201.4
लेखा-परीक्षा				16.7
भंडारण एवं वितरण				37.0
				– 3215.5

वर्ष 1987–88 के दौरान अर्जित कुल राजस्व 642.98 करोड़ रु. था, जो 1986–87 के दौरान अर्जित राजस्व की तुलना में कुल 85.48 मिलियन रु. और प्रतिशत में 15.3 प्रतिशत अधिक था । वर्ष में जितना राजस्व अर्जित करने का अनुमान किया गया था, उसमें से 98.2 प्रतिशत राजस्व वसूल किया गया ।

	राशि (मिलियन रु. में)	प्रतिशत
— डाक टिकटों की बिक्री	3812.1	59.3
— नकद वसूल किया गया डाक शुल्क	1129.3	17.6
— मनीआर्डरों और इंडियन पोस्टल आर्डरों पर कमीशन	799.6	12.4
— अन्य प्राप्तियां	688.8	10.7

वर्ष 1985-86, 1986-87 और 1987-88 के लिए चुनिन्दा डाक वस्तुओं पर औसत लागत और औसत राजस्व (पैसों में)



वर्ष 1985-86, 1986-87 और 1987-88 के लिए चुनिन्दा डाक वस्तुओं का राजस्व और व्यय

(राशि दस लाख रु. में)




एक मानक पोस्टकार्ड का मूल्य
मुद्रा स्फीति के साथ तुलनात्मक मूल्य वृद्धि
वास्तविक डाक शुल्क
मूल्य (पैसे)
40
35
30
25
20
15
10
79
80
81
82
83
84
85
86
87
88


एक मानक पत्रकार्ड का मूल्य
मुद्रा स्फीति के साथ तुलनात्मक मूल्य वृद्धि
वास्तविक डाक शुल्क
मूल्य (पैसे)
80
70
60
50
40
30
20
79
80
81
82
83
84
85
86
87
88



वर्ष 1987–88 के दौरान नेट कार्यकारी खर्च 789.62 करोड़ रु. के अनुमानित खर्च की तुलना में 833.85 करोड़ रु. था, जो 44.23 करोड़ रु. अधिक था। यह वृद्धि, उच्चतम न्यायालय के निर्णय के फलस्वरूप न्यूनतम वेतन में वृद्धि तथा न्यूनतम पेंशन और परिवार पेंशन में संशोधन के कारण हुई। महत्वपूर्ण श्रेणियों के अंतर्गत खर्च का ब्यौरा इस प्रकार है:

	राशि (करोड़ रु. में)	प्रतिशत
— सामान्य प्रशासन	686.7	8.24
— प्रचालन	5651.5	67.85
— एजेंसी सेवाएं	258.5	3.10
— अन्य	1736.0	20.81

महत्वपूर्ण श्रेणियों का कुल राजस्व खर्च नीचे दिया गया है:

	राशि (मिलियन रु. में)	कुल खर्च का प्रतिशत
— वेतन और भत्ते, आकस्मिक व्यय, अंतरिम सहायता और अन्य मदें:	830.58	80.85
— लेखा और लेखा-परीक्षा	23.10	2.25
— पेंशन प्रभार	96.34	9.38
— डाक टिकट, पोस्टकार्ड	20.78	2.02
— स्टेशनरी और मुद्रण आदि	88.2	0.86
— परिसम्पत्तियों आदि का रखरखाव	51.9	0.51
— छोटे-मोटे कार्य	12.4	0.12
— डाक लाना-ले-जाना (रेल विभाग और एयर मेल कैरियर्स को भुगतान)	411.9	4.01

वर्ष 1987-88 के लिए राजस्व और व्यय



पूंजीगत परिव्यय



1987-88 का घाटा 1908.7 मिलियन रु. था जो वर्ष 1986-87 (2164.3 मिलियन रु.) के घाटे से 255.6 मिलियन कम था।

वर्ष के दौरान अचल सम्पत्तियों पर कुल परिव्यय 305.2 मिलियन रु. था। (96.76 प्रतिशत भूमि और भवनों पर तथा 3.24 प्रतिशत उपकरणों, संयंत्रों तथा अन्य पर)। वर्ष के अंत में अचल परिसम्पत्तियों का पूंजीगत परिव्यय 3266.8 मिलियन रुपयों तक पहुंच गया। वर्ष के अंत में सामान्य राजस्व से वित्तीय संसाधनों प्राप्ते अगला क्रमिक पूंजीगत परिव्यय 2644.6 मिलियन रु. था।

कार्य प्रगति (1.4.1988 से 31.12.1988)

डाक नेटवर्क का अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों और औद्योगिक परियोजना क्षेत्रों में विस्तार किया जाता रहा। देश के विभिन्न भागों में 60 नए शाखा डाकघर और 23 विभागीय उप-डाकघर खोले गए। आर्थिक शर्तों संबंधी घाटे की अनुमेय सीमा को छोड़ते हुए ग्रामीण डाकघर खोलने की नीति को और अधिक उदार बनाया गया क्योंकि उक्त सीमा सामान्य क्षेत्रों में लागत का 33⅓ प्रतिशत निर्धारित न्यूनतम राजस्व तथा पहाड़ी, जनजातीय और पिछड़े इलाकों में 15 प्रतिशत आय अर्जित करने के अनुकूल नहीं थी।

देश के विभिन्न भागों में 3386 डाक सेवकों की नियुक्ति के साथ ही नई पंचायत डाक सेवक योजना को एक ठोस आकार और मजबूती प्रदान की गई। इस योजना के अधीन, जिन ग्राम पंचायतों/ग्राम सभाओं में डाकघर नहीं हैं, उन्हें गांव में ही डाक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अपने डाक सेवक रखने के प्रयोजन से 150/- रु. मासिक नकद अनुदान दिया जाता है। इन ग्राम पंचायतों को विभाग द्वारा आवश्यक सेवा अनुबन्ध तथा डाक टिकटों और स्टेशनरी की बिक्री पर काफी कमीशन दिया जाता है।

डाक परेषण प्रणाली की क्षमता बढ़ाने के प्रयोजन से वर्तमान बेड़े को मजबूत बनाने के लिए तथा छोटे शहरों में डाक वाहनों को आधुनिक बनाने के लिए 55 मेल मोटर वाहन बदले गए। 24 वाहन केवल स्पीड पोस्ट सेवा के लिए ही खरीदे गए।

आधुनिकीकरण पर निरंतर जोर देते हुए, डाक लाने-ले-जाने के लिए प्रयुक्त जूट कैनवास के भारी थैलों को हल्के थैलों द्वारा बदलने के प्रयास किए गए। जूट टैक्नोलॉजीकल लैबोरेट्री के सहयोग से नेशनल जूट मैन्युफैक्चरिंग कार्पोरेशन द्वारा विनिर्मित हाई डैन्सिटी पॉलीथीन मैटीरियल का चुने हुए डाकघरों में शीघ्र परीक्षण किया जाने वाला है।

फिलैटली के क्षेत्र में, भारत 89 विश्व फिलैटली प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए अनुकूल तैयारियां की गईं। 9 अक्तूबर, 1988 को विश्व डाक दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी के उपलक्ष्य में दो डाक टिकटों का एक सेट जारी किया गया जिसमें प्राचीन और वर्तमान वास्तुशिल्प के नमूनों के उदाहरण स्वरूप बम्बई और बेंगलूर जी. पी. ओ. के भवनों को दर्शाया गया है। रेल डाक सेवा और पुनः प्रेषण केन्द्र की मोहरों (चिह्नणों) पर दो अन्य डाक-टिकट दिसम्बर, 1988 में जारी किए गए। इनके अलावा, इस अवधि के दौरान 37 और डाक टिकट जारी किए गए। विभाग ने तीन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों —फिनलैंडिया-88, प्राग-88 और ओलिम्फिलेक्स-88 में भाग लिया। इनके अलावा, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक में दो राज्य स्तरीय प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

बचत बैंक संगठन ने 1.4.1988 से किसान विकास पत्र की शुरुआत के साथ विकास प्रक्रिया में एक और कदम बढ़ाया। इस बचत पत्र की परिपक्वता अवधि 5½ वर्ष और इस पर ब्याज की दर 12 प्रतिशत है। मासिक आय योजना में एकल खाते में जमा की अधिकतम सीमा को एक लाख रु. से बढ़ाकर 2 लाख रु. और संयुक्त खाते में 2 लाख से बढ़ाकर 4 लाख रु. कर दिया गया। डाकघर के चैकों के निपटान को सुविधाजनक बनाने के लिए, और 230 प्रधान डाकघरों को लोकल क्लियरिंग हाउसेज की पूर्ण इकाई के रूप में शामिल किया गया।

मानव संसाधनों के विकास के लिए एक निवेश के रूप में प्रशिक्षण को निरंतर महत्व दिया जाता रहा। पोस्टल स्टाफ कालेज द्वारा अनेक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए गए जिनमें प्रबंध विकास कार्यक्रम, डाक परेषण पर सेमिनार, डाक आधुनिकीकरण, कार्मिक नीति और संगठनात्मक संरचना और अंतर्राष्ट्रीय डाक परिचालन शामिल है।

1985 से अब तक: उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण

एक जनोपयोगी सेवा

डाक विभाग देश में 12 करोड़ परिवारों को सेवाएं प्रदान करने के लिए संसाधनों के दबाव के बावजूद, अपने नेटवर्क का निरंतर विस्तार करता रहा है। 1.4.1988 को समाप्त पिछले तीन वर्षों की अवधि के दौरान, 898 नए डाकघर खोले गए, जिनको मिलाकर देश में डाकघरों की कुल संख्या 1,44,829 हो गई है जिनमें से 1,28,829 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में है। प्रत्येक डाकघर औसतन 22.69 वर्ग कि. मी. क्षेत्र को और 4731 लोगों को सेवा प्रदान करता है। विभाग ने सातवीं योजना (1985–90) के दौरान 6000 नए डाकघर खोलने की योजना बनाई है। विभाग ने जो 6000 डाकघर खोलने की योजना बनाई है, उसमें से लगभग 5000 डाकघर वर्ष 1988–89 और 1989–90 के दौरान खोलने का प्रस्ताव है। ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक डाकघर खोलने में आसानी रहे, इसलिए 19.12.87 से डाकघर खोलने के मानदंडों को उदार बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर खोलने के लिए घाटे की अधिकतम अनुमत सीमा को छोड़ते हुए इन मानदंडों को और अधिक उदार बनाया गया है। पंचायतों के विकेन्द्रित प्रशासनिक ढांचे के अनुकूल, विभाग ने 'पंचायत डाक सेवक स्कीम' नामक एक नई स्कीम आरंभ की है जिसके अंतर्गत जिन पंचायतों/ग्राम सभाओं में डाकघर नहीं हैं, उन्हें अपने स्वयं के डाक सेवक रखने के लिए 150 रु. मासिक नकद अनुदान दिया जाता है। पंचायतों को डाक सुविधाएं प्रदान करने के लिए, देश के विभिन्न भागों में 3386 डाक सेवक नियुक्त किए गए हैं। अंतिम लक्ष्य यही है कि जितनी जल्दी संभव हो सके, उतनी जल्दी शेष 74,000 पंचायत ग्रामों में ऐसी सुविधा प्रदान कर दी जाए।

डाक (मेल) सेवा

डाक विभाग एक वर्ष के दौरान लगभग 500 करोड़ डाक मदों का निपटान करता है। डाक, देश में लगे 4,81,757 लेटर बॉक्सों से इकट्ठी की जाती है। उक्त लेटर बॉक्सों में से 4,01,156 ग्रामीण क्षेत्रों में और 80601 शहरी क्षेत्रों में हैं। डाक प्रेषण और वितरण के क्षेत्र में अपनी दीर्घ परम्परा और सुविज्ञता का उपयोग करते हुए विभाग ने 1986 में 'स्पीड पोस्ट' नामक एक गारंटीशुदा वितरण सेवा प्रारम्भ की थी जो बढ़ती हुई प्राइवेट कूरिअर सेवाओं का एक सस्ता पर अधिक विश्वसनीय विकल्प है। अगस्त, 1986 में प्रारंभ, इस सेवा के केवल 7 केन्द्र थे, जिनकी संख्या वित्तीय वर्ष 1987–88 के अंत तक बढ़कर 37 हो गई।

आधुनिक टेक्नालॉजी का उपयोग

हालांकि डाक विभाग के अधिकांश कार्यकलाप पारम्परिक मैनुअल तरीकों से ही सम्पन्न किए जाते हैं, तथापि, अपनी उत्पादकता को बढ़ाने तथा अपने उत्पादों और सेवाओं की मूल्य-रेखा को नियंत्रित रखने के लिए, विभाग आधुनिक टेक्नालॉजी अपनाने का प्रयास करता रहा है। काउन्टरों पर उपयोग करने के लिए बहुउद्देशीय मशीनों, डाक वस्तुओं का वजन मापने के लिए डिजीटल तुला, डाक शुल्क और उपभोक्ताओं को जारी रसीदों का परिकलन, डाक-टिकटों को विरूपित करने के लिए डाक टिकट विरूपण मशीनें विकसित की जा रही हैं और इनको शीघ्र उपयोग में लाए जाने की संभावना है। विभाग कर्मचारियों को विस्थापित करने के नाजुक प्रश्न का सम्यक् ध्यान रखते हुए अपने प्रचालन के ऐसे कतिपय क्षेत्रों में कम्प्यूटरों का उपयोग शुरू कर रहा है जिनमें कर्मचारी द्वारा स्वयं (मैनुअली) हिसाब-किताब करने की जटिलता शामिल है।

मोटर वाहन

एक कार्यकुशल डाक सेवा प्रदान करने के लिए विभाग के पास वाहनों का एक बेड़ा है जिसमें वित्तीय वर्ष 1987–88 के अंत तक 1053 वाहन थे। पिछले चार वर्षों के दौरान या तो पुराने वाहनों को बदलने के उद्देश्य से अथवा बेड़े में नए वाहन जोड़ने के प्रयोजन से 357 मोटर वाहन खरीदे गए।

डाक भवन

1.4.1988 को डाक विभाग के पास अपने 3473 भवन थे जिनमें डाकघर, डाक कार्यालय और प्रशासनिक कार्यालय स्थापित हैं तथा कर्मचारियों के लिए 20845 क्वार्टर थे। पिछले चार वर्षों के दौरान विभिन्न कार्यालयों के लिए 322 भवनों का और कर्मचारियों के लिए 4217 क्वार्टरों का निर्माण किया गया।

एजेंसी सेवाएं

डाक विभाग देश के विकास कार्यों के लिए धनराशि जुटाने के प्रयोजन से अल्पबचत योजनाएं चलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 1987–88 के अंत में सभी प्रकार की बचत योजनाओं में बकाया शेष राशि 28400.7 करोड़ रुपये थी जो 1983–84 के अंत में जमा बकाया शेष से 110% अधिक थी। पिछले चार वर्षों के दौरान डाक जीवन बीमा पॉलिसी ने उल्लेखनीय लाभ अर्जित किया। 1983–84 के अंत में पॉलिसियों की संख्या 10.8 लाख थी जो 1987–88 के अंत तक बढ़कर 13.6 लाख हो गई थी और इस प्रकार इसमें 25.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1983–84 के अंत में पॉलिसियों पर बीमाकृत कुल राशि 809.4 करोड़ रु. थी जो 1987–88 के अंत में बढ़कर 1439.3 करोड़ रुपये हो गई और इस प्रकार इसमें 77.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

OVERVIEW

The last decade has witnessed an explosion in communications technology around the world. While our sister Department of Telecommunications in the Ministry is trying to absorb these dramatic changes, the traditional postal services provided by the Department of Posts have continued to be relevant to the masses of this country. The relevance and importance of Postal Communications for business houses, legal transactions and academic activities is well recognised even in super industrial societies. For this country, the Post Office is expected to be the back bone of communicative activity for many decades to come. Ninety-six per cent of the area of India is rural and seventy-seven per cent of our population live in rural areas. For all of us, the postal service is the main artery of message circulation and will continue to be so in the foreseeable future. The urban worker, the trade and commerce look upon postal service as user-friendly with a human face.

In spite of constraint of resources, the Department of Posts has continued to expand its network to provide services to the populace who in the recent past, had to walk miles before they reached a post office. The norms for the opening of post offices have been liberalised and the gram panchayat, which is the basic unit of decentralised administration, has become the focal point in providing postal facilities. An innovative method of 'Panchayat Dak Sewaks' who are employees of gram panchayats but are remunerated for performing postal work by the Department of Posts has been introduced to provide postal facilities in gram panchayat villages which cannot have a post office immediately.

The postal monopoly imposes an obligation on the Department of Posts to provide service at a uniform rate-be it communication within a city, between cities or across-the-country. Several private couriers, by offering a premium speedy service within a city or between cities to selected customers at a higher price, have tried to attract the profitable upmarket segments leaving the postal service to handle the more expensive long distance transportation and delivery services. The Department of Posts has vigorously responded to this challenge by introducing a premium service with assured delivery within 24 to 72 hours called "SPEED POST" which connects 50 cities in the country. This service is also being used for sending Money Orders. Efforts were also initiated for Postal managers to work more closely with major customers so that the Postal Service is today better able to understand and anticipate their needs. The Postal Service is also gearing itself to assimilate the technological opportunities provided by FAX, Satellite Communication and mechanical handling of mail. These methods will not only make the services speedier but also reduce costs and help the Department in holding the price-line of its products and services for the benefit of the common man.

The finances of the Department continue to cause anxiety. Though the Government has never looked upon the Postal Service as an institution for producing profits or generate resources, the expectation is that the service should pay its way through or atleast contain its losses within an acceptable limit. In an era of rising costs, especially man-power costs in a labour-intensive organisation like the Postal Service, and in the context of a conscious policy of maintaining the prices of postal products and services below their actual costs, this is an extremely tall order. Yet the Postal

Service during 1987-88 has succeeded in bringing down the deficit to 1900 million rupees from 2160 million rupees in 1986-87. The Government, the Planning Commission and the Finance Commission have stressed the need to reduce the revenue deficit in order to find resources for the Seventh and Eighth Plans. The Department of Posts will, therefore, continue to reduce costs by absorbing a considerable portion of volume growth through increased productivity, but it may also narrow the gap between prices and costs in a graduated manner without over-burdening the users of the Postal Services.

Technology and finance, of course, will not move mail by themselves. The Postal Service continues to rely on the effort of its employees numbering about 600 thousand. Its men and women remain committed to its long tradition of public service, but they recognize that the competitive environment in which the Postal Service finds itself requires that it innovate and work harder to win and keep its customers. By removal of acrimony in collective bargaining, by constant discussion and exchange of ideas, the Postal Service will succeed in earning their support to its growing commitment to customer-focused service initiatives, introduction of new technology and cost-containment.

The Postal Service, in spite of all its handicaps, has striven constantly to provide one of the most fundamental public services of this country efficiently and honestly. Through change and innovation, this basic tradition of public service will continue to flourish.

IMPROVING POSTAL OPERATIONS

Goals

The thrust of the Department of Posts during the year has been on improving the quality and spread of the service and maximising customer satisfaction. Our entire operational set up is geared towards achieving these ends. During the year under review, the existing network was strengthened and several new measures were initiated to ensure greater customer satisfaction and acceptability.

Expansion of the postal net work

The postal network as on 31-3-1988 consisted of 1,44,829 Post Offices, of which 1,28,829 were in the rural areas and 16,000 in the urban areas. Each Post Office serves, on an average, an area of 22.69 sq. kms and a population of 4731. At this level of development, the country is well within the norms adopted by the Universal Postal Union (UPU) that there should be one Post Office to serve on an average either an area of between 20 to 40 sq. kms. or 3000 to 6000 inhabitants. There were 4,81,757 letter boxes in the country, out of which 4,01,156 were in rural areas and 80,601 in urban areas. The Seventh Plan of the country envisaged opening of 6,000 new Post Offices in the rural areas, the bulk of which are to opened in 1988-89 and 1989-90. In order to achieve this target, the Department liberalised the norms for opening of Branch Post Offices in rural areas with effect from 19-12-87. The revised norms are:

